बेटा महाकाल का

जय शंभू जय शम्भु जय शम्भु....

झूठी दुनियादारी का ना झूठे रिश्तेदार का,
बेटा महाकाल का मैं बेटा महाकाल का.....

उज्जैन नगरी शिप्रा तट पर शिव शंभू का वास है,
हरसिद्धि और भैरव बाबा पल पल मेरे साथ है,
नहीं दयालु महादेव सा कहना वेद पुराण का,
बेटा महाकाल का मैं बेटा महाकाल का.....

ओम नमः शिवाय,
ओम नमः शिवाय,
ओम नमः शिवाय....

जो भी तेरा ध्यान धरे उसका तू कल्याण करें,
हर देता है झोली तू खुशियों के भंडार भरे,
दानी कोई नहीं है जग में,
दानी कोई नहीं है जग में नंदी के सवार सा,
बेटा महाकाल का मैं बेटा महाकाल का.....

बढ़ती मेरी शान है कुछ लोग परेशान हैं,
काहे की फिकर मेरा बाबा मेहरबान है,
हो गई मुझ पर कृपा इनकी नाम हुआ परिवार का,
बेटा महाकाल का मैं बेटा महाकाल का.....

https://bhajanganga.com/bhajan/lyrics/id/28241/title/beta-mahakal-ka

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |